हुक्म या कार्यवाही मय इनिशीयल्स जज

तारीख हुक्म

न्यायालय संभागीय आयुक्त, बीकानेर

अपील संख्या– 05/2010 अंतर्गत विविध

(GCMS No. 2010/00015)

अनवानः

जंगीर सिंह पुत्र हाकमसिंह रायसिख निवासी चक 15 एस तहसील करनपुर जिला श्रीगंगानगर ।

बनाम

भारत सरकार जरिये मैनेजिंग ऑफिसर डी.पी.सी. एंड आर एक्ट।

25.01.2023

पत्रावली प्रस्तुत हुई। अभिभाषक अपीलान्ट अनुपस्थित। अपीलांट अनुपस्थित। राजकीय अभिभाषक उपस्थित। अभिभाषक अपीलान्ट एवम् अपीलान्ट के नाम रुक–रुक कर आवाज लगवाई गयी। बार–बार आवाज लगवाये जाने के बावजूद अभिभाषक अपीलान्ट अथवा स्वयं अपीलान्ट न्यायालय में उपस्थित नहीं हुए। इस न्यायालय में यह अपील वर्ष 2010 से विचाराधीन चल रही है, जिसमें अभिभाषक अपीलान्ट को एडमिशन बहस हेतु पाबन्द किया जाता रहा है, किन्तु अभिभाषक अपीलान्ट को बार–बार पाबन्द किये जाने के बावजूद आज दिनांक एडमिशन बहस नहीं की गई हैं। अपीलान्ट द्वारा जरिये अभिभाषक न्याय की वांछा लेकर इस न्यायालय में यह अपील प्रस्तुत की गयी, लेकिन अभिभाषक अपीलांट द्वारा एडमिशन बहस नही की गई। न्याय चाहने की तत्परता व कोशिश का अभाव अपील चलाने में अरुचि जाहिर करती है। अतः यह अपील अपीलान्ट अदम हाजरी एवम् अदम पैरवी में खारिज की जाती है। आदेश की प्रति अपील पत्रावली में शामिल होकर पत्रावली बाद तरतीब, तकमील दाखिल दफ्तर हो। आदेश आज दिनांक 25–01–2023 को खुले न्यायालय में सुनाया गया ।

संभागीय आयुक्त
बीकानेर